सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए निर्भय होकर करें मतदान

अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स मुहिम के तहत एसपी कार्यालय में मतदाता जागरुकता कार्यशाला

अमर उजाला ब्यूरो

श्रावस्ती। हम कर्तव्यनिष्ठा के साथ बिना किसी भेद भाव के सशक्त राष्ट्र निर्माण के लिए पूरी इमानदारी से चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराने के की शपथ लेते हैं। कोई भी राजनीतिक दल, प्रत्याशी अथवा प्रतिनिधि मतदाताओं को डरा धमका कर अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास नहीं करेगा। मतदाता निर्भय होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें, हम पूरी निष्ठा के साथ उनकी सुरक्षा के लिए डटे हैं। ऐसे में सभी मतदाता बारह मई को बिना किसी प्रलोभन व भय के अपने मताधिकार का प्रयोग करें। यह बातें मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अमर उजाला की मुहिम अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यशाला में पुलिस अधिकारियों व कर्मियों ने कही। मतदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि देश का नागरिक होने के कारण मतदान हर किसी की नैतिक जिम्मेदारी है। ऐसे में जिनका नाम मतदाता सूची में शामिल है, वह अपने अपने बूथ पर जाकर मतदान अवश्य करें। इससे देश के सदन में आपका प्रतिनिधि मजबूती के साथ आप व आपके क्षेत्र की बात रख सकेगा।

अमर उजाला
अपराजिता
100 MILLION SMILES

अमर उजाला की मुहिम अपराजिता 100 मिलियन स्माइल्स के तहत मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयोजित मतदाता जागरूकता कार्यशाला में मौजूद पुलिस अधीक्षक, अपर पुलिस अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी।

लोकतंत्र को मजबूत बनाने के लिए मतदान करना प्रत्येक मतदाता की नैतिक कर्तव्य है। इससे मतदाताओं को कदापि मुंह नहीं मोड़ना चाहिए। हम हर कदम आपकी सुरक्षा के लिए तैयार हैं। इसलिए बारह मई को निर्भीक हो अपने बूथ पर जाकर मताधिकार का प्रयोग करें, और लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करें। **- आशीष श्रीवास्तव, एसपी**

लोकतंत्र की असली ताकत जागरूक मतदाता है। जिले के सभी मतदाता किसी के प्रभाव के प्रलोभन में न आकर निष्पक्ष होकर मतदान करें। यदि कोई किसी मतदाता को डराता धमकाता है अथवा प्रलोभन देने का प्रयास करता है तो तत्काल इसकी सूचना स्थानीय पुलिस को दें। जिससे निष्पक्ष चुनाव कराया जा सके। **- बीबी दूबे, एएसपी**

संसद देश की गरिमा है। वहां जाने वाला हमारा प्रतिनिधि राष्ट्र का विकास करने वाला व दलगत राजनीति से ऊपर उठकर काम करने वाला हो। इसके साथ ही वह अविकसित क्षेत्रों का विकास कराने वाला व मेहनती हो। **- हौसला प्रसाद, सीओ, जमुन्हा**

हम अपने मत से ऐसे प्रतिनिधि को सदन में पहुंचाएं जो जिले में उद्योग धंधे स्थापित करने का बीड़ा उठाकर उसका क्रियान्वयन करने वाला हो। मूलभूत सुविधाओं व कमियों का आकलन कर उसको दूर कर सके। **- देवेंद्र पांडेय, थानाध्यक्ष, मल्हीपुर**

हमें इस बार चुनाव में जात-पात, क्षेत्रवाद में न बहकर स्वच्छ व इमानदार छवि वाले नेता को चुनना चाहिए। जो बिना भेदभाव किए सभी जाति व धर्म के लोगों को साथ लेकर क्षेत्र व देश का विकास कर सके। **- राजेश यादव**

योग्य व इमानदार नेता के चयन के लिए सभी को मतदान करना चाहिए। ऐसा नेता जो विकासशील हो, क्षेत्र में उच्च शिक्षा तथा फैक्ट्री लगवाने के साथ ही लोगों की समस्या दूर कराने के लिए सदा तत्पर रहे। **- कन्हैया लाल यादव**

मतदाता जाति, धर्म से हटकर इमानदार छवि वाले नेता को ही अपना प्रतिनिधि चुनें। ऐसा प्रतिनिधि जो क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित हो। बारह मई को प्रत्येक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करें। **- संध्या भारती**

चुनाव राष्ट्र निर्माण के लिए हो रहा है। ऐसे में मतदाताओं को चाहिए कि वह निजी स्वार्थ में पड़ कर राष्ट्र की अनदेखी न करें। 12 मई को सभी मतदाता विशेषकर महिलाएं व युवा मताधिकार का प्रयोग करें। **- वंदना मोदी**

देश का नागरिक होने के कारण मतदान सभी की जिम्मेदारी है। ऐसे में जिसका नाम मतदाता सूची में शामिल है, वह अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। जिससे सशक्त राष्ट्र का निर्माण हो सके। **- तेज प्रताप**

अक्सर ऐसा होता है कि किसान व महिलाएं घर व खेत के काम को चुनाव से ज्यादा महत्व देते हैं, लेकिन ऐसा नहीं होना चाहिए। राष्ट्र सबसे महत्वपूर्ण है। इसलिए राष्ट्र हित में सभी को मतदान करना चाहिए। **- केशव प्रसाद**

चुनाव के माध्यम से हम अपना प्रतिनिधि चुनते हैं। ऐसे में हमें जाति धर्म से ऊपर उठ बिना किसी भेद भाव व प्रलोभन के राष्ट्र हित में स्वच्छ इमानदार व बेदाग छवि के प्रतिनिधि को चुनना चाहिए। **- विनोद चौधरी**

चुनाव में राजनीतिक दल व उनके प्रतिनिधि मतदाताओं को जाति, धर्म में बांटने के साथ ही उन्हें प्रलोभन देने का प्रयास करेंगे। लोगों को ऐसे नेताओं से सावधान रहकर निष्पक्ष होकर मतदान करना चाहिए। **- लक्ष्मीकांत पांडेय**

यह राष्ट्र आपका है। प्रजातंत्र में असली मालिक मतदाता ही राष्ट्र का निर्माण करते हैं। इसलिए सभी मतदाता अपना मतदान कर अपना राष्ट्र धर्म निभाएं। ऐसा प्रतिनिधि चुनें जो आपके दुख सुख में आपके साथ हो। **- अमरेश कुमार**

बारह मई को जिले में मतदान होगा। इस दिन अपना प्रतिनिधि चुनने के लिए सभी महिलाएं, युवा निष्पक्ष रूप से बिना भय के अपने बूथ जाकर मताधिकार का प्रयोग करें। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी हमारी है। **- अरविंद कुमार**

CS CamScanner